हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 12 नवंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 नाली और सड़क निर्माण के लिए डीएम व नपाध्यक्ष...



07 कूनो में फिर बढ़ेगा चीतों का कुनबा दिसंबर में बोत्सना...




## खबर संक्षेप

### विदेशी मदिरा के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**सागर।** कलेक्टर एवं सहायक आबकारी आयुक्त कीर्ति दुबे के आदेशानुसार सागर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सूचना प्राप्त हुई की ग्राम सनौधा में चाली राजा ठाकुर अपने रिहायशी मकान में अवैध मदिरा का संग्रहण किए हुए हैं सूचना की तस्वीक के लिए आबकारी व्रत आंतरिक प्रभारी सियाराम चौधरी अपने स्टाफ के साथ ग्राम सनोधा पहुंचे। समक्ष गवाहन अनावेदक चाली राजा को तलाशी की विधिवत सूचना देकर मकान की तलाशी लेने पर उसके मकान से कुल 657 पाव में 118 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जप्त की गई । मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2 ) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया। उक्त कार्यवाही में आंतरिक प्रभारी सियाराम चौधरी उपनिरीक्षक रोशनी उरेती आरक्षक प्रमोद दुबे, आरक्षक संगीता गुर्जर, आरक्षक राजवीर सिंह, आरक्षक साहिल, आरक्षक दीपक शाक्य शामिल रहे।

### जनसुनवाई में हुई 188 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 188 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 188 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### पर्पल फेयर कार्यक्रम आज

**सागर।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों हेतु (प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक) पर्पल फेयर कार्यक्रम 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगजनों की क्षमताओं एवं प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने, उनको पुनर्वास के अवसर उपलब्ध कराने और विभिन्न हितधारकों से जुड़कर समग्र विकास एवं पुनर्वास के उद्देश्य से पर्पल फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे दिव्यांगजनों का सशक्ति करण एवं सामाजिक समावेशन को बढ़ावा मिल सके । पर्पल फेयर कार्यक्रम का आयोजन 12 नवंबर समय सुबह 10 बजे से संध्या तक स्थान-महाकवि पद्माकर सभागार में होगा।

### जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** जिला स्तरीय बाल श्रम टास्क फ़ोर्स एवं जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक कलेक्टर सभा कक्ष सागर में आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सागर के द्वारा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा श्रम विभाग की संबल एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की गई।बैठक में विभाग के प्रवर्तन के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बाल एवं बंधक श्रम की कुप्रथा को समाप्त करने हेतु अंतर्विभागीय समन्वय के साथ प्रभावी कार्यवाही हेतु सभी को निर्देशित किया गया। बैठक में श्रम विभागीय अमले को टास्क फोर्स के साथ सतत निरीक्षण एवं अनुवति कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

## देवरी थाने में 6 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज, घायल बीएमसी में भर्ती

# हाईवे स्थित होटल में हुआ विवाद तो फिल्मी स्टाइल में चली गोलियां, एक युवक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

देवरी थाना के फोरलाईन हाईवे पर स्थित एक होटल में विगत सोमवार रात्रि चाय पीने को लेकर हुए विवाद में हाईवे सड़क पर वाहन चेसिंग और फायरिंग में कंटेनर में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में देवरी थाना पुलिस द्वारा 6 युवकों के विरूद्ध नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना में घायल युवक को गंभीर हालत में बीएमसी सागर रिफर किया गया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर जिले के देवरी में नेशनल हाईवे-44 स्थित श्याम कुटी होटल के बाहर सोमवार देर रात चाय पीने के दौरान अलाव तापने को लेकर हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। आरोप है कि कुछ युवकों ने आगरा के कंटेनर ड्राइवरों के साथ मारपीट की एवं बाद में कंटेनर लेकर नरसिंहपुर की ओर भाग रहे ड्रायवरों का वाहनों से पीछा किया एवं टोल बेरियर पर रोकने का प्रयास किया। बाद में वाहन सहित जान बचाकर भागे कंटेनर चालकों को गौरझामर स्थित केसली तिराहे तक पीछा किया गया एवं उन पर एवं कंटेनर के टायरों पर भी गोलिया भी चलाई गई। बाद में घायलों द्वारा गौरझामर थाने की 112 सेवा से देवरी चिकित्सालय लाया गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची मामले को संज्ञान में लेकर विवेचना आरंभ कर दी है।

पुलिस द्वारा मामले में कंटेनर सवार गणेश निवासी धौलपुर राजस्थान, बृजकिशोर ठाकुर निवासी आगरा उत्तरप्रदेश, अमित ठाकुर धौलपुर राजस्थान के बयान दर्ज किये गये है। पुलिस के अनुसार घटना में गोली लगने से घायल अमित पिता रामेश्वर ठाकुर 30 वर्ष निवासी धौलपुर राजस्थान को बीएमसी सागर में भर्ती कराया गया है।

### 6 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

देवरी थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि ड्राइवर की शिकायत पर छह युवकों कृ हर्ष यादव, नमन मिश्रा, आदित्य, राज मिश्रा, कपिल सोनी और आलोक आलोक सोनी के खिलाफ नामजद एफआईआर् दर्ज कर केस दर्ज किया गया है। वहीं, एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि अलाव तापते समय चाय को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद यह विवाद हुआ। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## महापौर आपके द्वार व जनचौपाल कार्यक्रम का शुभारंभ आज से



**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचैपाल कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार 12 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से डॉ.हरीसिंह गौर एवं इंद्रानगर वार्ड से किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक वार्ड में संबंधित वार्ड के पार्षद के साथ भ्रमण किया जायेगा तथा प्रत्येक दो वार्ड के बीच में शिविर आयोजित किये जायेंगें, जिसके अंतर्गत शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गये पात्र नागरिकों को लाभ दिलाने के लिये कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही जनचैपाल में प्राप्त आवेदनों को पंजीकृत करते हुये विभागवार उनका निराकरण किया जायेगा। इस दौरान आयोजित किये जा रहे शिविरि में नगर निगम के संपत्तिकर, जलकर आदि को जमा करने की सुविधा भी प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।



## बड़ी घटना में जब बाल बाल बचते हैं तो लोग यही कहते हैं दान पुण्य आड़े आ गएः भगवतानंद गिरी

**रहली।** रहली में चल रही राम कथा में कथा व्यास भागवतनंद महाराज जी द्वारा श्री राम सीता विवाह का प्रसंग सुनाया गया। मुख्य यजमान विनोद सोनी और आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा श्री राम जी बारात गाजे,बाजे, डीजे सहित भव्य रूप से निकल गई भक्तों द्वारा जगह-जगह पर बारात का स्वागत किया गया पंडाल में बारात पहुंचते ही कन्या पक्ष द्वारा बारात की अगवानी की गई और सभी विवाह संस्कार आयोजन स्थल पर बने मंडप में संपन्न हुए। कन्या पक्ष द्वारा सीता जी का हाथ श्री राम जी के हाथ में देकर कन्यादान किया गया कथा व्यास महाराज जी ने इस अवसर पर कन्यादान सहित विभिन्न दान की महिमा का बखान किया उन्होंने बताया कि जब कोई घटना दुर्घटना होती है और आप उसे घटना से जब बाल बाल बचते हैं.. तो मुख से यही निकलता है आज तो भगवान ने बचा लिया, ना जाने कौन से पुण्य आडे आ गए ..वरना आज तो काम तमाम हो जाता । यह पुण्य कैसे बनते हैं दान करने से ही बनते हैं कथा सुनने से सत्कर्म और पुण्य की प्राप्ति होती है। कथा स्थल पर सभी श्रद्धालुओं द्वारा श्रीराम सीता का पूजन अर्चन किया गया। कथा विश्राम पर आरती संपन्न हुई, प्रसाद वितरण किया गया।



## शहर के शास्त्री वार्ड में 4 डेयरी संचालकों पर एक-एक हजार जुर्माना, नल कनेक्शन काटे

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री मंगलवार की सुबह-सुबह शहर के शास्त्री वार्ड का निरीक्षण करने पहुँचे। शास्त्री वार्ड में डेयरी संचालक कृष्णकांत यादव, राजकुमार यादव एवं लोकमन ठाकुर की डेयरियों का निगमायुक्त खत्री ने जायजा लिया और उक्त सभी को अपनी-अपनी डेयरी एक दिन में शहर से बाहर विस्थापित करने हेतु कहा। उन्होंने उक्त तीनों डेयरी संचालकों पर एक एक हजार रूपये का जुर्माना कराते हुए निगमकर्मियों को निर्देश दिये की इनके नल कनेक्शन तत्काल काटें और एक दिन में उक्त सभी डेयरी शहर से बाहर विस्थापित न होने की स्थिति में प्रत्येक दिन डबल जुर्माना बसूलें। उन्होंने कहा की सागर शहर में संचालित डेयरियों को शहर से बाहर विस्थापित करने के उद्देश्य को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए हर सम्भव प्रयास और कार्यवाही की जायेगी। शहर हित में डेयरी शहर से बाहर विस्तापित करने के लिए यहां डेयरी संचालित करने वालों पर दिन पे दिन नगर निगम की कार्यवाही कठोर होगी। विगत दिनों में बहुत से डेयरी संचालकों ने अपनी डेयरीयां शहर से बाहर विस्थापित की हैं और कुशलता से संचालित कर रहे हैं। शहर में अभी भी बहुत सी डेयरीयां संचालित की जा रहीं हैं ऐसे सभी डेयरी संचालकों से बार बार अपील की जाती रही है की अपनी डेयरी को डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली में या अन्यत्र शिफ्ट कर लें।

## ग्राम प्यासी में नवीन पंचायत भवन का भूमि पूजन संपन्न, 37.50 लाख की लागत से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




तहसील के ग्राम प्यासी में आज नवीन पंचायत भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन जिला पंचायत सागर की पूर्व जिला उपाध्यक्ष सरोज भूपेंद्र सिंह ने किया। इस पंचायत भवन की अनुमानित लागत 37 लाख 50 हजार रुपये है।

भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरोज भूपेंद्र सिंह ने कहा कि यह पंचायत भवन ग्रामवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है। इसका निर्माण कार्य जल्द पूर्ण होगा, जिससे सामुदायिक कार्यक्रम जैसे भजन संध्या आदि यहीं आयोजित हो सकेंगे। इससे ग्रामवासियों को बड़ी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि ग्राम प्यासी में हाल ही में आंगनवाड़ी भवन, हनुमानजी मंदिर के समीप चबूतरा निर्माण, विद्युती करण, धनौरा मार्ग का निर्माण और सार्वजनिक तालाब का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। सरोज सिंह ने कहा, क्षेत्र के विकास के लिए हमारी सरकार और भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है। पहले इस क्षेत्र में आवागमन की समस्याएँ थीं, सड़कें नहीं थीं, लेकिन अब सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। अब यहाँ तक वाहन आसानी से आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास है। स्कूलों का निर्माण कराया गया, सामुदायिक भवनों का निर्माण हुआ, और दूर से पढ़ने आने वाले बच्चों के लिए साइकिलों की व्यवस्था की गई। धार्मिक आयोजन और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं ताकि क्षेत्र की प्रतिभाएँ सामने आएँ और खुरई का नाम रोशन करें। सरोज भूपेंद्र सिंह ने लाड़ली लक्ष्मी योजना का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के तहत बहनों को हर महीने आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में आसानी हुई है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी बहन इस योजना से वंचित न रहे। सरोज सिंह ने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या या कार्य के लिए वे उनसे संपर्क करें, जिसका समाधान किया जाएगा।

## स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगीः निगमायुक्त

**सागर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के प्रयास नगर निगम प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के साथ किये जा रहे हैं ऐसे में शहर के किसी भी क्षेत्र को गंदा या कचरायुक्त बनाकर शहर की स्वच्छता में लापरवाही बरतने वालों को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उक्त कथन नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने मंगलवार की सुबह-सुबह शहर के शास्त्री वार्ड संत कबरराम वार्ड और भाग्योदय रोड का निरीक्षण करते समय कहे। उन्होंने संतकबर राम वार्ड में होटल संचालक नवीन पटैल द्वारा दुकान के बाहर सड़क पर अतिक्रमण करने और गंदगी फैलाने पर 10 हजार रूपये का जुर्माना कराया। उक्त होटल के आगे लगाये गये त्रिपाल आदि अतिक्रमण सामग्री को हटवाकर जब्त किया गया। निगमायुक्त ने कहा की अक्सर देखने में आता है की जितने भी होटल, चाय पान दुकान सहित अन्य खाने-पीने से संबंधित व्यापरीयों के प्रतिष्ठान हैं उनके आस-पास खाद्य सामग्री के खाली पेकिट, डिस्पोजल ग्लास आदि अन्य समग्री, चाय डिस्पोजल, दोना, कागज और भी कई प्रकार की वस्तुएँ डस्टबिन के बाहर सड़क या आसपास पड़ी रहती हैं। उनके यहां आने वाले उपभोक्ता ग्राहक पानी पीकर यहां वहां कुल्ला कर थूकते रहते हैं, हाथ धोते हैं और भी अन्य गतिविधियों द्वारा पानी को सड़क पर या रोड किनारे फैलाते हैं इससे बड़ी संख्या में कीचड गंदगी फैलती है। उक्त सभी छोटे बड़े व्यापारी दुकान दार अपने प्रतिष्ठानों पर ऐसी गतिविधियों को रोकें। पानी व्यर्थ न बहने दें।

## सही और सटीक मतदाता सूची, मजबूत लोकतंत्र की गारंटीः सारिका

**सागर।** मजबूत लोकतंत्र मे प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पेशल इन्टेसिव रिविजन के अंतर्गत बीएलओ आपके घर पहुंच कर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं । इस बारे में आमलोगों को जानकारी देने स्वीप आईकॉन सारिका घारू जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं । सारिका ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के निर्देशन में यह जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। एसआईआर जागरूकता में सारिका ने बताया कि बीएलओ द्वारा आपको जो गणना प्रपत्र दिये जा रहे हैं उनमें आपकी जन्मतिथि, आधार नम्बर, मोबाईल नम्बर, पिता एवं माता तथा वैवाहिक स्थिति में पति या पत्नी का नाम एवं इपिक नम्बर उपलब्ध हो तो इसकी जानकारी भरकर देना है।

## किराए के भवनों में संचालित प्राइवेट स्कूलों के भवन स्वामियों से लिया जाएगा व्यवसायिक टैक्स

**सागर।** नगर निगम क्षेत्र में किराए के भवनों में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों के भवन स्वामियों से व्यावसायिक टैक्स लिया जाएगा यह निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने मंगलवार को सुबह निरीक्षण के दौरान दिए । उन्होंने राजस्व अधिकारी से कहा कि नगर निगम क्षेत्र में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ,डीपीसी एवं बीआरसी को पत्र लिखें और जानकारी प्राप्त होने के तत्काल बाद ही जिन भवनों में जितने समय से प्राइवेट स्कूल संचालित हो रही हैं उस अवधि का संबंधित भवनस्वामी से व्यवसायिक टैक्स लिया जाए । निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने फायर शाखा प्रभारी शईदउद्दीन कुरैशी को निर्देश दिए कि जिन प्राइवेट स्कूलों में सुरक्षा के इंतजाम नहीं है तथा जिनके द्वारा फायर एनओसी नहीं ली गई है उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई करें । निगमायुक्त ने फायर शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि जिन प्राइवेट स्कूलों द्वारा फायर एन ओ सी ली गई है उनकी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रायवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा, अगर फायर एन ओ सी नहीं होगी तो संबंधित स्कूल के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## जलाशय बनाने हेतु ग्राम चैनपुरा के लोगों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** जैसीनगर ब्लाक अंतर्गत ग्राम चैनपुरा में जल संसाधन विभाग द्वारा सर्वेक्षण कर टेंडर लगाया गया था लेकिन सरपंच मंगल सिंह और उनके परिजनों द्वारा जलाशय निर्माण का विरोध किया गया और ग्रामीण जनों को भड़काने का प्रयास किया गया। लेकिन हकीकत सामने आने पर समस्त ग्राम चैनपुरा वासियों सहित ग्राम सेमाढ़ाना, सत्ताढ़ाना, सरखड़ी एवं परगासपुरा के सैकड़ों ग्रामवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि हमारे गांव में जलाशय का निर्माण कराया जाये। ज्ञापन में कहा गया कि चैनपुरा जलाशय के निर्माण कार्य में कतिपय लोग अवरोध पैदा कर रहे हैं जिसे स्वीकार न किया जावे। दरअसल चैनपुरा जलाशय के सर्वेक्षण कार्य हेतु टेंडर लगाया गया था, सर्वेक्षण कार्य भी विभागीय अधिकारियों की मदद से पूर्ण कर लिया गया है। सरपंच मंगलसींग उनके पुत्र एवं परिजन सचिन सिंह, गनेश सिंह आदि लोग मिलकर चैनपुरा जलाशय के निर्माण का विरोध कर रहे हैं क्योंकि ये लोग निर्माण स्थल के समीप की शासकीय जमीन से लेकर वनविभाग की जमीन पर कब्जा किये हुये हैं। इस तालाब के बनने से संपूर्ण ग्राम चैनपुरा के आसपास लगे हुए परगासपुरा, सेमाढाना, सत्ताढाना, सरखडी के किसानों को लाभ मिलेगा। सिंचाई के अतिरिक्त आसपास के ग्रामों का जलस्तर भी बढ़ जायेगा। संबंधित लोग एक दो आदिवासियों का बहाना लेकर निर्माण में अवरोध पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने कहा कि हमारे गांव में जलाशय निर्माण किया जाये इसमें समस्त ग्रामवासियों की सहमति है एवं पूरे गांव का हित भी है। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच अपने निजी स्वार्थ के चलते सैकड़ों ग्रामवासियों का अहित कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर समस्त ग्रामवासी तालाब निर्माण की मांग को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत से मुलाकात की।

## यदि आपको विधि की जानकारी नहीं तो तब भी अपराध क्षमा योग्य नहीं है

# जब आप सोशल मीडिया पर अपने घूमने फिरने का पोस्ट कर रहे हैं तब आप अनजाने में चोरों को आमंत्रित कर रहे होते हैंः न्यायाधीश अंकित श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पं. दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन विश्व शिक्षा दिवस पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंकित श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण, मिथलेश डेहरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी, प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता, डॉ अमर कुमार जैन, डॉ संगीता मुखर्जी तथा दीपशिखा त्रिपाठी उपस्थित रहीं। जिला न्यायाधीश अंकित श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने को लेकर कानूनीपक्ष बताते हुये कहा कि आपके द्वारा कोई ऐसा पोस्ट जिससे समाज में आंदोलन अथवा दंगों की संभावना रहती है तब आप कानून के शिकंजे में फस जायेंगे साथ ही सलाह देते हुये बताया कि जब आप सोशल मीडिया पर अपने घूमने फिरने का पोस्ट कर रहे हैं तब आप अनजाने में चोरो को आमंत्रित कर रहे होते हैं। पॉक्सो एक्ट के संबंध में आपने बताया कि 18 वर्ष से कम में यदि संबंध सहमति से बनाये जाते हैं तब भी वह अपराध की श्रेणी में आते हैं साथ ही यदि अपराध करते समय आप नाबालिग है और बाद में आप बालिग हो जाते हैं तो भी आप पर पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जायेगा क्योंकि डेट ऑफ क्राइम से अपराध की गणना की जाती है। विद्यार्थी गिरीराज अहिरवार के प्रश्न का उत्तर देते हुये आपने बताया कि कैदियों को भी अपने अधिकारों के विषय में जानकारी देने के लिए जेलों में विधिक शिविर लगाये जाते हैं। वर्तमान समय में जितने भी सोशल मीडिया के एप हैं उनका मुख्यालय विदेशों में है जिनके संबंध में सरकार द्वारा बहुत अधिक प्रतिबंध नहीं लगाये जा सकते अतः हमे ही सावधानीपूर्वक कार्य पोस्ट करना चाहिए। इन प्लेटफार्म पर आपको केवल परिचित लोगों को ही अपना दोस्त बनाना चाहिए तथा प्राइवेशी का ध्यान रखना चाहिए। मिथलेश डेहरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी ने कहा कि यदि आपको विधि की जानकारी नहीं तो तब भी आपराध क्षमा योग्य नहीं हैं और आप न्यायालय से सजा के हकदार होंगे अतः आपको कानून की जानकारी होना चाहिए। विधि समाज में संतुलन के लिए बनाये जाते हैं। आपने उदाहरण देते हुये बताया कि यदि आपके पास यातायात के नियमों की जानकारी नहीं हो तब भी लायसेंस व बीमा न होने पर दुर्धटना में जान जाने पर आप पर लाखों करोड़ों का मुआवजा हेतु आदेश पारित किया जा सकता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता मैडम ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कानून के विषय में आपके पास जानकारी नहीं है तब कानून के क्षेत्र में आप असाक्षर हैं। विधिक सहायता केन्द्र की जानकारी वर्तमान समय में सभी विद्यार्थियों को होनी चाहिए। सम्मानीय न्यायाधीशों से विद्यार्थियों ने कानून के संबंध में प्रश्न किये जिसका समाधानपरक उत्तर विद्यार्थियों को दिये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमर कुमार जैन, प्राध्यापक-वाणिज्य एवं आभार डॉ संगीता मुखर्जी प्राध्यापक-राजनीतिशास्त्र द्वारा माना गया।



## खबर संक्षेप



### प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र जैन वीटू एड निर्वाचित

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन लखनऊ के त्रैवार्षिक चुनाव 2025- 28 प्रेम नगर आश्रम हरिद्वार में बीते 6 नवम्बर 2025 को सम्पन्न हुये। निर्वाचन में प्रदेश के 72 जिलों के कर अधिवक्ताओं ने हरिद्वार जाकर चुनाव में प्रतिभाग किया, जिसमें शैलेन्द्र जैन वीटू सर्वाधिक मत पाकर उपाध्यक्ष पद पर भारी मतों से विजयी घोषित किया गया। ललितपुर स्टेशन पंहुचने पर शैलेन्द्र जैन एड. का कर अधिवक्ता संघ के समस्त कर अधिवक्ताओं एवं ईष्टमित्रों ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्टेशन से लेकर विजय जुलूस श्री अभिनन्दोनय मंन्दिर एवं श्री तुवन मन्दिर पर दर्शन करने के उपरान्त निज निवास आजादपुरा पहुंचा, जहां शैलेन्द्र जैन वीटू के पिताजी कोमलचन्द्र जैन ने सभी लोगो का टीका लगाकर स्वागत किया। इस चुनाव विजय यात्रा में हरिद्वार में साथ गये कर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रुपनारायण विश्वकर्मा एड., रामेश्वर राय एड. अध्यक्ष झांसी, अजयचन्द्र श्रीवास्तव झांसी, पूर्व अध्यक्ष झांसी अभय कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष ललितपुर एवं दिवाकर शर्मा, कोषाध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव, मुकेश साहू, पवन राठौर, गजेन्द्र नायक, प्रहलाद राठौर, प्रदीप झां, रजत दीक्षित, रमाकान्त साहू, संजीव निरंजन, जितेन्द्र राठौर, नरेन्द्र राठौर, दीपक सैन, बृजेश सैन, अंकित जैन आदि अधिवक्ताओं ने चुनाव में प्रतिभाग किया।

### बाबा साहब की मूर्ति स्थापना की स्वीकृति दिलाने की मांग

**ललितपुर।** विकास खंड जखौरा के ग्राम ककरुआ के ग्रामीणों ने अंबेडकर पार्क की संरक्षित भूमि में बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का लोकार्पण करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को पूर्ण करवाने का प्रार्थना पत्र दिया। बहुप्रतीक्षित अंबेडकर पार्क की भूमि को संरक्षित हुए कई वर्ष बीतने के बाद ग्रामीणों ने आराजी संख्या 582/10 रकवा 0.202 हेक्टेयर में मूर्ति स्थापित करने के लिए जन सहयोग से मूर्ति मंगवा ली है। ग्रामीणों ने इस संबंध में 30 अक्टूबर 2025 जिलाधिकारी को एवं 1 नवम्बर 2025 को समाधान दिवस में कई ग्रामीणों के साथ प्रार्थना पत्र शपथ पत्र दिए थे। ग्रामीणों ने सभी नियमों का पालन करते हुए मूर्ति स्थापित करने की मांग की है। आज बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सदर विधायक के समक्ष उपस्थित होकर प्रशासनिक सहयोग करने और बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस के पूर्व मूर्ति स्थापना की स्वीकृति दिलाए जाने की मांग की। सदर विधायक ने सभी कागजों नकल खतौनी आदि का अवलोकन कर जिलाधिकारी से स्थलीय निरीक्षण कर अनुमति प्रदान करने की संस्तुति की। मांग करने वालों में ग्राम प्रधान पप्पू अहिरवार, विजय सिंह राजपूत, जमुना प्रसाद, मूलचंद, प्यारेलाल, राजाराम, रामसिंह, करन सिंह, कोमल, अमरसिंह, कुंजी सहित कई ग्रामीण थे।

### दिव्यांगों के सर्टिफिकेट मेडिकल कॉलेज में बनेंगे

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद ने बताया कि जिलाधिकारी जी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यागंता परीक्षण करते हुये दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाते हैं। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कि प्रक्रिया के लिए पर आवेदन किया जा सकता है। इसके उपरांत आवेदन कर्ता को किसी भी कार्य दिवस में जिला चिकित्सालय सम्बद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में जा कर चिकित्सकीय परीक्षण कराना होता है। तद्उपरांत आनलाइन आवेदन दिव्यांगता रिपोर्ट एवं आधार कार्ड के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जमा करना होता है जिसके उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत कर दिया जाता है। जिन दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन नहीं है, वे स्वावलंबन वेबसाइट पर आनलाइन प्रक्रिया के तहत यूडीआईडी कार्ड बनवा सकते हैं।

---

मां अहिल्याबाई इंटर कॉलेज के पीछे रहने वाले सैकड़ों परिवार परेशान

# नाली और सड़क निर्माण के लिए डीएम व नपाध्यक्ष को भेजा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर के वार्ड संख्या 8 मोहल्ला जुगपुरा में आवागमन के लिए सुगम मार्ग न होने और बोर्ड बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के नेतृत्व में सड़क निर्माण का प्रस्ताव पास होने के बावजूद भी सड़क निर्माण न होने से लोगों को आवागमन के लिए भारी मुसीबतें उठानी पड़ रहीं हैं। इस सम्बन्ध में मोहल्ला जुगपुरा में रहने वाले करीब एक सैकड़ा परिवारों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व नपाध्यक्ष सोनाली जैन को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मोहल्लेवासियों ने आवागमन को सुगम बनाने के लिए सीसी रोड, नालियां और हालिया तौर पर मौरंग डलवाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में जुगपुरा के लोगों ने डीएम व नपाध्यक्ष को अवगत कराया है कि अगस्त माह में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की सम्पन्न हुयी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव संख्या 1145 में 26 लाख 34 हजार रुपये की सड़क मोहल्ला जुगपुरा में का प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव के उपरान्त कार्यवाही नहीं हो सकी। इसके बाद नगर पालिका के उप चुनाव की अधिसूचना जारी हो गयी थी। लेकिन चुनाव सम्पन्न होने के बाद आज तक यहां निर्माण कार्य नहीं किया गया है। बताया कि मां अहिल्याबाई इण्टर कॉलेज के पीछे करीब एक सैकड़ा से अधिक परिवार निवासरत हैं।

### मार्ग ऊबड़-खाबड़ हो जाने के कारण पैदल निकलना भी दूभर हो रहा

यहां अधिकांश प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण हैं और अधिकांश लोग नगर पालिका को गृहकर भी अदा कर रहे हैं। यहां तक पहुंच मार्ग बहुत ही ऊबड़-खाबड़ हो जाने के कारण पैदल निकलना भी दूभर हो रहा है। बताया कि वर्तमान समय में रास्ता खराब है, लेकिन बारिश के मौसम में यह और भी खराब हो जाता है। यहां पानी की निकासी न होने के कारण आज भी नालियों का गन्दा पानी कच्ची सड़कों पर भरा हुआ है, जिससे भारी-भरकम गड्ढे हैं, जिससे पैदल निकलना भी दूभर है। मोहल्लेवासियों ने मौके पर जल्द ही सड़क व नाली निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जितेन्द्र कुमार, अंशुल, रचना देवी, प्रदीप राजपूत, कलावती, पवन, मानू, अभय, वैदान, दीपक कुमार, आकाश, अजय सिंह, प्रतिज्ञा, आशाराम, अजय सिंह, अमित, शंकरलाल, जसवंत सिंह, मुन्नालाल, श्रीराम, सुरेश, रामबाबू मिश्रा, अजय, थोवन, गुडडी पाल, सुनीता, अनिल कुमार, जगदीश, महीप सिंह, सोनल, शंकरलाल, पवन कुमार, पर्वत, सुरेन्द्र विश्वकर्मा के अलावा अनेकों मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

---

समस्याओं के निस्तारण की पहल

# कल से नपाध्यक्ष वार्डों में सुनेंगी लोगों की समस्याएं

**ललितपुर।** शहर को साफ-स्वच्छ-सुन्दर, लाइटिंग व्यवस्था, गडढा मुक्त एवं शहर में अन्य विकास कराये जाने हेतु अध्यक्ष सोनाली जैन ने शहर के विभिन्न वार्डों में ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा संबंधित पार्षद एवं नगर पालिका की टीम के साथ पहुंचकर वार्डवासियों की समस्याओं एवं उनके सुझाव अनुसार कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें शहर के समस्त वार्डों का निरीक्षण चार चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में शहर के सात वार्डों का निरीक्षण रोस्टर के अनुसार सुबह 8 से किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण में 12 से 19 नवम्बर तक वार्ड नंबर 1, 3, 8, 15, 4, 12 व 17 शामिल है।

रोस्टर के अनुसार 12 नवम्बर 2025 को वार्ड नं. 1 मोहल्ला सिद्धनपुरा, 13 नवम्बर 2025 को वार्ड नं. 03 मोहल्ला नेहरू नगर, 14 नवम्बर 2025 को 8 मोहल्ला जुगपुरा, 15 नवम्बर 2025 को वार्ड नं0-15 मोहल्ला गांधीनगर प्रथम, 17 नवम्बर 2025 को वार्ड नं.-4 मोहल्ला गांधीनगर द्वितीय, 18 नवम्बर 2025 को वार्ड नं.-12 मोहल्ला आजादपुरा तृतीय व 19 नवम्बर 2025 को वार्ड नं.-17 मोहल्ला सिविल लाइन द्वितीय शामिल है। अध्यक्ष ने टीम में कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक/कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार जैन, जेई खुशबू खान, जेई निधि पाण्डेय, एसआई जितेन्द्र स्परूप तिवारी, प्रभारी एसआई/मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, हेड सुपरवाइजर, गैरिज प्रभारी सहित संबंधित स्वास्थ्य नायक तैनात किये गये है जो ईओ की मौजूदगी में मोहल्लेवासियों की समस्याओं का निस्तारण करायेगें।

### पिपरिया पाली प्रधान पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** मोहल्ला चौकाबाग निवासी अरविन्द जैन पुत्र राजकुमार जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि माखन सिंह पटेल पुत्र ताहर सिंह ने बीती 28 अक्टूबर को उसके कार्यालय आकर उसके साथ लात-घूसों से मारपीट करते हुये अवैध धन की मांग की। आरोप है कि पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी गयी। घायल अरविन्द के द्वारा आवेदन देने पर मेडीकल हुआ। माखन सिंह पिपरिया पाली का प्रधान होने के चलते अपने प्रभाव का उपयोग करते हुये फर्जी तरीके से रिपोर्ट बनाकर उसे कोई फ्रैक्चर नहीं बताया गया, जबकि उसका दायां पैर गंभीर रूप से फ्रैक्चर है और उसका ऑपरेशन भी एक निजी अस्पताल में हुआ और दो प्लेटे डली हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

दबंगों पर लगाए गए गंभीर आरोप

# किसानों ने डीएम को भेजा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम भैलोनीसूवा में अज्ञात निजी कम्पनी को सोलर प्लांट लगवाने के नाम पर गांव के दबंग लोगों द्वारा किसानों से जबरन सहमति पत्र लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने मुख्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजते हुये प्रकरण की जांच कर कार्रवाई किये जाने की गुहार लगायी है। भैलोनीसूवा निवासी किसानों ने बताया कि उनकी जमीनों को मनमाने दामों पर गांव के दबंग लोगों द्वारा सहमति पत्र पर जबरन हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। आरोप है कि पारौन मौजा से सटी हुयी करीब 400 एकड़ जमीन पर दबंगों की नजर है, जिसमें किसी निजी कम्पनी जिसका नाम, पता किसानों को नहीं बताया जा रहा है के लिए दबंगों द्वारा जानमाल का भय दिखाकर जबरन ही सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। किसानों ने बताया कि सोलर प्लांट स्थापित करने के नाम पर दबंगों द्वारा किये जा रहे इस कार्य से कई ग्रामीण व किसान सहमत नहीं है, जो किसान अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं, उनसे जबरन हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। किसानों ने डीएम को अवगत कराया कि कृषि भूमि किसी भी कम्पनी को देने के लिए यहां के किसान तैयार नहीं हैं। यदि किसानों की जमीन सोलर प्लाण्ट या किसी निजी कम्पनी को जबरन गांव के दबंगों द्वारा दिलाने के लिए सहमति करायी जाती है तो यहां के किसान उग्र आंदोलन या आत्मघाती कदम उठाने को विवश होंगे। किसानों ने बताया कि गांव के दबंग व्यक्ति दलालों से मिलकर किसानों की बेशकीमती जमीनों को जबरन लेने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। ऐसी स्थिति में किसानों ने जिलाधिकारी से उक्त सहमति पत्रों को निरस्त कराये जाने और सोलर प्लांट या निजी कम्पनी को दबंगों द्वारा दिलायी जा रहीं जमीनों को वापस किसानों को कराये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय वीरसिंह लोधी, रामचरन, साकूलाल वंशकार, सुरेश बाल्मीकि, बाबा वंशकार, गोकुल, बहादुर सिंह, समुद्राबाई, निर्भय, वीरदयाल कुशवाहा, प्रभन, गोपीलाल, देवेन्द्र, अद्वत लोधी, सुरेन्द्र लोधी, नन्दू कुशवाहा, महेन्द्र लोधी, पंचम सिंह, हद्दू कुशवाहा, नाथूराम कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

---

अधिशासी अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन जारी

# अधीनस्थों ने आरोप लगाकर की स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सिंचाई निर्माण खंड द्वितीय में तैनात अधिशासी अभियंता (द्वैत कार्यभार) छत्रपति सिंह के खिलाफ मनमानी, शिकायत वापस लेने, धमकाने और अवैध धन की मांग करते हुये अभद्रता कर गालियां देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये उप्र सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ व उप्र सिंचाई विभाग सहायक अभियन्ता संघ के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन लगातार जारी है।

प्रदर्शन कर रहे अधीनस्थों ने बताया कि 3 \जुलाई 2023 को अधिशासी अभियंता के खिलाफ शिकायत की गयी थी, जिसे वापस लेने के लिए अब धमकाते हुये दबाव बनाया जा रहा है। इसके अलावा अवैध धन की मांग, गाली-गलौज व अभद्रता की जा रही है। ऐसी दूषित कार्यप्रणाली के विरोध में बीती 7 नवम्बर से लगातार प्रदर्शन जारी है। इस सम्बन्ध में बीती 27 अक्टूबर 2025 को मुख्य अभियन्ता (परियोजना-बेतवा) झांसी एवं अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई निर्माण मंडल झांसी के समक्ष साक्ष्यों सहित लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन कार्यवाही न होने से प्रदर्शन किया जा रहा है। अधीनस्थ कर्मियों ने अधिशासी अभियंता के द्वैत कार्यभार को तत्काल समाप्त किये जाने अन्यथा अधीनस्थों को तत्काल अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग उठायी गयी है। इस दौरान इंजी सुरेन्द्र अहिरवार, रीतेश बंसल, मुराद खान, पंकज सिंघल, विपिन कुमार, दिलाशाद हुसैन, रमाकांत वर्मा, पूजा कुमारी, रेशमा अहिरवार, रौली याज्ञनिक, कालका प्रसाद, बृजेश सिंह, विनोद कुमार, विकास दी, विजय सिंह, राजेन्द्र बाबू, इंजी. देवकुमार, अरूण कुमार, ओमप्रकाश, पंकज सेन, शैलेन्द्र सिंह के अलावा अन्य इंजीनियर्स मौजूद रहे।

---

पनारी कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

# अभियान चलाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश पर, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने ग्राम पनारी स्थित एक कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जागरूकता अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य छात्र-छात्राओं को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, राहवीर योजना, हिट एण्ड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रबंधक, प्राचार्य मौजूद रहे। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 183 वाहनों का चालान किया गया। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें।

### टैक्सी चालक से की मारपीट

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम छायन निवासी सुम्मेर सिंह पुत्र स्व.वीरसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह टैक्सी चलाकर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि बीती 8 नवम्बर की शाम करीब 4 बजे वह ग्राम कुम्हैड़ी तिराहा पर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी कुम्हैड़ी निवासी नरेन्द्र पुत्र आशाराम अपनी टैक्सी लेकर आया और बोला कि वह कुम्हैड़ी की सवारियां लेने क्यों खड़े हो। पीड़ित ने बताया कि नरेन्द्र ने उसे धमकाया कि उसकी दबंगई के चलते यहां कोई टैक्सी नहीं चल सकती। पीड़ित जब इसका विरोध किया तो नरेन्द्र ने उसके साथ मारपीट कर दी और टैक्सी भी तोड़ दी।

---

दो समाजों को बांटा था चबूतरा

# चबूतरे पर कब्जा करने निर्माण का आरोप



**ललितपुर।** थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम कचनौंदा कलां के ग्रामीणों ने लामबंद होकर ग्राम सभा की आराजी पर सहरिया समाज की जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इसे रोके जाने की मांग उठायी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया कि 12 वर्ष पहले ग्राम पंचायत की आराजी को ग्रामसभा की खुली बैठक में ग्रामसभा की आराजी लगभग 45 डिस्मिल को 1/2 भाग में बांट कर सहरिया समाज व अहिरवार समाज में आवंटित की गयी थी, जिस पर अपने हिस्से पर अहिरवार समाज की आराजी खाली पड़ी थी, जिसका उपयोग वह सामूहिक कार्यों के लिए करते थे। बताया कि 9 नवम्बर को सुबह 9 बजे उक्त कुछ लोग खाली जमीन पर तार फेंसिंग कर चबूतरा निर्माण करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये धमकाया दिया और जमीन पर अवैध कब्जा करने की धमकी दी है। बताया कि मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस के मौके से जाते ही उक्त लोगों ने फिर से काम कर लिया। पत्र देते समय प्रमोद, दीपक सहरिया, नरेश, अमर सहरिया, भागीरथ के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

---

रोजगार का एक और अवसर

# राजकीय औद्योगिक तालबेहट में रोजगार मेला 15 को

**ललितपुर।** 15 नवंबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर । जनपद ललितपुर के समस्त युवक एवं युक्तियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तालबेहट, जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 15 नवम्बर, 2025 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में 1-जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 2-आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 3-इन्सटा ह्यूमन्स मैनेजमेंट प्रालि में क्वालिटी इंजीनियर व हेल्पर पद हेतु 300 रिक्तियां 4-एसआईएस प्रालि, नीमच मप्र में सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु 100 रिक्तियां 5-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियॉ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं आईटीआई में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल (तवरहंतेंदहंउण्नचण्हवअण्पद) पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियॉं रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमांड नही की जाती है।

---

आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज का ससंघ ललितपुर से पदविहार

# श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा, गोशाला में हुई अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर





वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज ससंघ का ललितपुर नगर से चातुर्मास के उपरान्त दयोदय पशु संरक्षण केन्द्र गोशाला मसौरा के लिए विहार हुआ। पदविहार करते हुए सैकडों की संख्या में श्रद्धालुजनों ने मुनि संघ का विहार कराया। आज मध्यान्ह में आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने संघस्थ मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि सुदत्त सागर महाराज, मुनि भूदत्त सागर महाराज, मुनि पदमदत्त सागर महाराज, मुनि गुरूदत्त सागर महाराज, मुनि मेघदत्त सागर महाराज, मुनि वृषभ दत्त सागर महाराज, क्षुल्लक चन्ददत्त सागर महाराज एवं श्रीदत्त सागर महाराज ने जैन अटामंदिर से पदविहार किया। मुनि संघ सावरकर चौक मवेशी बाजार से हाईवे मार्ग होते हुए दयोदय पशु संरक्षण केन्द्र गौशाला मसौरा की ओर विहार किया। स्थान स्थान पर श्रद्धालुजनों ने पाद प्रक्षालन कर मुनि संघ की आरती उतारी और भक्तिपूर्वक महिलाए मंगलगान करते हुए चल रही थी। गौशाला पहुंचने पर आचार्य श्री ससंघ की अगवानी प्रतिभास्थली की बालिकाओं ने बड़े ही श्रद्धा भक्ति के साथ की।

### आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर सानिध्यता हेतु आग्रह किया

इसके पूर्व में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने ललितपुर नगर के श्रावकों में धार्मिक भावना और धर्म के प्रति लगाव को आदर्श बताते हुए कहा इसी तरह से सतत ज्ञानार्जन के लिए जिज्ञासु रहें तभी कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके पूर्व धर्मसभा में समाज के श्रेष्ठीजनों एवं निकटवर्ती जैन समाज के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर सानिध्यता हेतु आग्रह किया। आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में हुए चातुर्मास को प्रेरणादायी बताते हुए महामंत्री आकाश जैन ने कहा उन्होंने जो धर्म से जुडने का मार्ग बताया निश्चय ही आत्म कल्याण के लिए सार्थक होगा। उन्होने समाज की मंगल भावना रखते हुए शीतकालीन वाचना हेतु आग्रह किया। विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ महाराज एवं योगी दिलीप नाथ सहित संगठन के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर ललितपुर में प्रस्तावित विश्वहिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में सानिध्यता के लिए आर्शीवाद ग्रहण किया इस मौके पर दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा महंत मुकेश नाथ महाराज का सम्मान किया गया। जैन पंचायत अध्यक्ष डा अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, सनत खजुरिया, मंदिर प्रबंधक मनोज जैन बबीना अजय जैन, आनंद जैन, अमित सरार्फ मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, अखिलेश गदयाना, अनिल जैन अंचल, राजेन्द्र जैन थनवारा, अरविन्द जैन आप्टीशियन, विनोद कामरा, भगवानदास जैन कैलगुवा, अरविन्द जैन कुम्हैण्डी, धन्यकुमार जैन, मनोज जैन मीडिया, शादीलाल जैन एड, चंचल पहलवान,पवन जैन शिवाजी, अनिल जैन डोगरा,अजय जैन साइकिल, वीरेन्द्र जैन सोनू अतिरिक्त डा नीलम सराफ, उमा सैदपुर, अंजली सराफ आदि मौजूद रहे।

## बोत्सना और भारत सरकार के बीच चीता प्रोजेक्ट को लेकर एमओयू हुआ

# कूनो में फिर बढ़ेगा चीतों का कुनबा दिसंबर में बोत्सना से आएंगे 8 चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों का कुनबा एक बार फिर बढ़ने जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के बाद अब एक ओर अफ्रीकी देश बोत्सना से चीते लाने के लिए भारत सरकार ने एमओयू किया है। दोनों देशों की सरकार की ओर से हुए एमओयू के तहत बोत्साना से दिसंबर माह में 8 वयस्क चीते भारत भेजे जाएंगे जहां उन्हे कूनो नेशनल पार्क में बने बाड़ो में क्वारंटाइन किया जाएगा इसके बाद उक्त चीतों को गांधी सागर अभ्यारण्य में शिफ्ट कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि एमओयू करने से पहले बोत्सना से आई अधिकारियों की टीम ने अक्टूबर माह में पहले कूनो नेशनल पार्क और बाद में गांधी सागर अभ्यारण्य में पहुंचकर चीता प्रोजेक्ट की हकीकत देखी थी इसके बाद बोत्सना सरकार ने 8 चीतों की खेप भारत भेजने पर स्वीकृति प्रदान की।

भारत द्वारा दिसंबर तक बोत्सना से आठ अफ्रीकी चीतों आने का रास्ता साफ हो गया है। ये चीते वर्तमान में बोत्सना में संगरोध वन्य जीव अभ्यारण में क्वारंटाइन हैं और जल्द ही श्योपुर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाए जाएंगे, जहाँ निश्चित समय तक कूनो में बने बाड़ों में क्वारंटाइन किया जाएगा, इसकी तैयारी कूनो नेशनल पार्क प्रशासन ने पूरी कर ली है। हालांकि बोत्सना से आने वाले चीते क्वारंटाइन टाइम में कूनो नेशनल पार्क में रखे जाएंगे लेकिन बाद में इन्हें गांधी सागर अभ्यारण में विचरण के लिए छोड़ा जाएगा। जहां यह प्रजनन करने और चीता की वंशवृद्धि करने का काम करेंगे।




### अभी तक आए 20 चीते

2022 से अब तक भारत ने कुल 20 चीते लाय गए हैं जिनमें से 8 नामीबिया से और 12 चीतों को दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। वर्तमान में भारत में 27 चीते हैं, जिनमें 16 भारत में जन्मे शावक शामिल हैं। कूनो में अब तक 9 वयस्क चीते और 10 शावकों की मृत्यु अनुकूलन कठिनाइयों, अत्यधिक गर्मी और स्थानांतरण तनाव के कारण हो चुकी है, इसके बावजूद चीता प्रोजेक्ट को कूनो में सफल प्रयोग माना जा रहा है।

### कूनो बना प्रोजेक्ट चीता का सेंटर

भले ही बोत्सनीय से चीते गांधी सागर अभ्यारण के लिए आ रहे हैं लेकिन उन्हें पहले कूनो नेशनल अभ्यारण में रखा जाएगा। इसके बाद भी जितने भी चीते प्रदेश से जाएंगे सभी को पहले कूनो नेशनल पार्क लाया जाएगा इसके बाद दूसरे अभ्यारण में भेजा जाएगा। भारत सरकार देश के हर अभ्यारण में चीता प्रोजेक्ट के तहत चीतों को बसाने की योजना है लेकिन सभी चीते कूनो नेशनल पार्क के माध्यम से होकर जाएंगे अन्य अभ्यारण में जाएंगे। दरअसल कूनो पार्क में बने बाड़े क्वारंटाइन के लिए उचित माध्यम है नए अभ्यारण में इस तरह के बाड़े बनाना बेहद खर्चीला और समय अभाव में मुश्किल होता है इसलिए कूनो में ही चीतों को लाकर क्वारंटाइन किया जाएगा जिसके चलते कूनो चीतों के लिए इसरो केंद्र बनता जा रहा है जहां से चीतों को विभिन्न अभ्यारण में छोड़े जाने के लिए तैयार किया जाएगा।

### इनका कहना..

बोत्सना से जो चीते आ रहे हैं, उसके संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई चल रही है। इस बारे में हम कुछ नहीं बता सकते हैं।

**आर थिरूकुलर**
**डीएफओ, कूनो पार्क श्योपुर**

## किसान कांग्रेस का जल सत्याग्रह, विधायक ने लगाया शवासन

# कलेक्टरः धरना प्रदर्शन पर रोक विधायकः जेल जाने को तैयार हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने धरना प्रदर्शन आंदोलन पर रोक लगा दी है। ऐसे आयोजन प्रदर्शन करने वालों को अब 48 घंटे पहले सूचना देकर परमिशन लेनी पड़ेगी। उधर किसान कांग्रेस के बैनर तले 4 दिनों से धरना दे रहे विधायक बाबू जंडेल ने प्रशासन के इस कदम को संविधान विरोधी बताते हुए किसानों को फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा मिलने तक धरना प्रदर्शन जारी रखना की बात कहते हुए कहा कि प्रशासन चाहे तो उन्हें जेल भेज दे चाहे गोली मरवा दे पर किसानों के हितों की लड़ाई लड़ने से नहीं रुकेंगे। किसान कांग्रेस के धरने के चौथे दिन बंजारा डैम स्थित सीप नदी पर जल सत्याग्रह किया। इस दौरान विधायक जंडेल द्वारा किए गए शवासन ने लोगों को खूब आकर्षित किया।

बीते दिनों बेमौसम हुई बारिश से खेतों में खड़ी धान की फसल खराब हो गई थी उक्त फसलों का मुआवजा दिलाने के लिए किसान और विभिन्न संगठन सरकार से लगातार मांग कर रहे है प्रशासन भी सर्वे करा कर मुआवजा दिलाने के बात कर रहा है। इस मामले में किसान कांग्रेस बीते चार दिनों से पटेल चौक पर धरना दे रही है किसानों के बार-बार होने वाले आंदोलन और प्रदर्शनों से प्रशासन आजिज आ चुका है इस उद्देश्य कलेक्टर ने होने वाले प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है पर किसान कांग्रेस और विधायक बाबू जंडेल ने ऐसे निर्देश मानने से साफ इनकार कर दिया विधायक ने तो मीडिया से मुखातिब होते हुए यहां तक कहा कि वह किसानों और आमजन की लड़ाई लड़ने के लिए पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं अगर प्रशासन किसानों के लिए लड़ने वाली उनकी लड़ाई को भाजपा नेताओं के कहने पर रोकने का प्रयास करता है तो वह इसका विरोध हर स्तर पर करेंगे जरूरत पड़ी तो राहुल गांधी को किसानों की पीड़ा सुनाकर इसे राष्ट्रीय स्तर पर उठाएंगे। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, रितेश तोमर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा, रितेश तोमर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### विधायक ने लगाया शवासन, बंजारा डैम पर लगी भीड़



जल सत्याग्रह के दौरान जहां कांग्रेस कार्यकर्ता पानी में खड़े होकर शासन प्रशासन के खिलाफ और कांग्रेस के समर्थन में नारे बाजी कर रहे थे वहीं विधायक बाबू जंडेल गहरे पानी में शवासन लगा रहे थे। बिना हाथ पर हिलाए नदी में स्थिर पड़े रहे विधायक को देखने के लिए लोगों की भीड़ बंजारा डैम पर एकत्रित हो गई। विधायक अपने क्रियाकलापों से कई बार लोगों का ध्यान है आकर्षित करते रहे हैं इस बार भी उन्होंने नदी में शव आसान लगाकर ऐसा ही कारनामा अंजाम दिया।

# शस्त्र लाइसेंसों की होगी समीक्षा, आपराधिक प्रवृति वाले व्यक्तियों के लाइसेंस होंगे निरस्त

**7 दिन में मांगी गई लाइसेंस धारियों की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक के माध्यम से प्रत्येक थाना क्षेत्र से ऐसे सभी लोगों की जानकारी मांगी गई है, जिन्हें शस्त्र लाइसेंस जारी किए गए हैं। इस जानकारी के आधार पर समीक्षा के बाद आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

जिले में विधि एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा लोक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि ऐसे व्यक्तियों की समीक्षा की जाए जिनके विरुद्ध गंभीर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं अथवा जिनकी प्रवृत्ति आपराधिक प्रकृति की है, किन्तु वे वर्तमान में शस्त्र अनुज्ञप्ति धारक हैं। आयुध नियम 2016 के तहत यह भी यह अपेक्षित है कि शस्त्र अनुज्ञप्ति केवल उन व्यक्तियों को जारी की जाए जो सुचरित्र हो और जिनसे सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा न हो। पुलिस अधीक्षक को भेजे गये पत्र में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को जानकारी संकलित कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिये गये है, जिसमें ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जाए जो शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी हैं तथा जिनके विरुद्ध हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, बलवा, अवैध हथियार, नशीले पदार्थों की तस्करी, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, सामाजिक वैमनस्य फैलाने अथवा अन्य किसी गंभीर आपराधिक प्रकरण के संबंध में अभियोग दर्ज हैं। ऐसे व्यक्तियों का पृथक-पृथक प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश देते हुए सात दिवस में जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। प्रतिवेदन में अनुज्ञप्तिधारी का पूरा नाम, पिता का नाम, पता एवं थाना क्षेत्र, अनुज्ञप्ति क्रमांक, जारी करने की तिथि, अनुज्ञप्ति की वैधता अवधि, तथा धारित शस्त्र का प्रकार एवं क्रमांक (राइफल, गन, पिस्टल आदि)। संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज आपराधिक प्रकरणों का विवरण अपराध क्रमांक, अपराध की धारा, पंजीकरण की तिथि, थाना आदि, यदि शस्त्र का दुरुपयोग किया गया है अथवा शस्त्र धारक के विरुद्ध शस्त्र से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त हुई है, तो उसका पृथक से विवरण देना होगा।

यह उल्लेख कि उक्त व्यक्ति का आचरण सामाजिक रूप से हिंसात्मक या भय उत्पन्न करने वाला है या नहीं। सभी प्रतिवेदनों में अपराध विवरण की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न की जाए। उक्त व्यक्ति का शस्त्र अनुज्ञप्ति धारित करना लोक शांति एवं कानून-व्यवस्था के लिए कितना उपयुक्त या अनुपयुक्त है और शस्त्र अनुज्ञप्ति निरस्त किये जाने के संबंध में स्पष्ट अभिमत भी चाहा गया है।

# बिरसा मुंडा जयंती पर जिला मुख्यालय पर जुटेंगे आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

15 नवंबर को मनाए जाने वाली भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बड़ी संख्या में आदिवासियों के जिला मुख्यालय पर जुटने की सूचना है। जिला मुख्यालय स्थित गांधी सेवा आश्रम पर एकता परिषद के बैनर तले आयोजन होने वाले इस आवेदन में आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न प्रतिनिधि और जिम्मेदार लोग आमंत्रित किए गए हैं। एकता परिषद के जिलाध्यक्ष गंगाराम आदिवासी ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती गांधी सेवा आश्रम पर सुबह 10:30 बजे से बनाई जाएगी। जिसमें आदिवासी समाज के विभिन्न पटेल और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। एकता परिषद से जुड़े बड़े नेताओं को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी पंच मुखिया,पटेल और जिम्मेदारों से इस आयोजन में शामिल होने के अपील की है।

# पीएम गति शक्ति पोर्टल पर विभागीय जानकारी दर्ज करेंः वर्मा

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी पीएम गति शक्ति पोर्टल पर अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रोग्रेस को दर्ज करायें, वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन का निराकरण गंभीरता के साथ किये जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अधिकारियों को दिये गये कि विभागीय दायित्वों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीरतापूर्वक करें तथा जनकल्याणकारी एवं रोजगारमूलक योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदान करें। उद्यानिकी, कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन, आदिम जाति कल्याण, महिला बाल विकास आदि विभागीय अधिकारी अपने स्तर से नियमित रूप से योजनाओं की समीक्षा करें तथा मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे अमले को सक्रिय रखें। योजनाओं की उपलब्धियों एवं प्रोग्रेस को पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर अपलोड करें। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का त्वरित सकारात्मक एवं संतोषजनक निराकरण किया जायें। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों में एल-1 अधिकारी द्वारा शिकायतों को तत्काल अटेन्ड किया जायें, सभी विभाग इस माह की रैकिंग आने से पूर्व 85 प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के लक्ष्य के साथ कार्य करें। अधिकारी कलस्टर लेबल पर निराकरण की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें तथा मैदानी अमले से संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं।

# बीईओ को निरीक्षण में अव्यवस्थित मिली एमडीएम व्यवस्था, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों को खिलाई जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था को जांचने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर युद्ध स्तर पर चल रहे निरीक्षण के तहत खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर मधु शर्मा द्वारा गुरुनावदा एवं शंकरपुर पंचायत में पहुंचकर स्कूलों में चल रहे एमडीएम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें भोजन बनाने की व्यवस्था ठीक नहीं मिला जिस पर सुधार करने के निर्देश दिए गए।

दोनों ग्राम पंचायत में बीईओ मधु शर्मा को किचन शेड नहीं मिला। रसोईया स्कूल परिसर क्लास वाले हिस्से में भोजन बनाती मिली जानकारी लेने पर शाला प्रभारी ने बताया कि किचन शेड नहीं है इसे बनाने के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है हेड मास्टर द्वारा जो किचन सेट की मांग की गई थी उस पत्र को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी ने रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ भोजन भी किया और भोजन से पहले बच्चों को मंत्रोच्चारण भी कराया ओर शाला प्रभारी को निर्देशित किया कि बच्चों को खाने से पहले मंत्रोचारण जरूर कराए। बीईओ को दोनों भोजन व्यवस्था ठीक मिली और अच्छी वातावरण में थालियां में बच्चे भोजन खाते मिले। भोजन व्यवस्था पर संतुष्टि जताने के साथ-साथ उन्होंने साफ सफाई के निर्देश देते हुए हर हाल में मीनू अनुसार भोजन परोसे जाने के निर्देश भी दिए।



# तीन आरोपियों को छह-छह माह का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

तीर और डंडे से मारपीट करने संबंधी 4 साल पुराने मामले में विजयपुर के प्रथम श्रेणी न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को छह-छह माह का कठोर कारावास की सजा सुना दी है। एडीपीओ विजयपुर पूजा गुप्ता ने बताया कि चार साल पुराना यह मामला गसवानी थाना क्षेत्र का है। 23 मई 2021 को जब ग्राम बुढेरा निवासी फरियादी पक्ष के लोग खेत पर काम कर रहे थे, तभी वहां आरोपी पक्ष के लोगो ने पहुंचकर तीन कमान और डंडे से मारपीट कर दी। इस मामले में गसवानी थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करते हुए विवेचना उपरांत चालान विजयपुर न्यायालय में पेश किया। विजयपुर न्यायालय ने इस मामले में विचारण उपरांत आरोपी मुन्ना भील, नन्ना उर्फ नानक भील, दिनेश भील निवासी बुढेरा थाना गसवानी को छह छह माह के कठोर कारावास की सजा सुना दी। साथही 4 हजार रूपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

## ढोढर में शुरू हुआ वालीबॉल का आयोजन, मानपुर में कसरत कर रहे पुलिसकर्मी

# अपनी सेहत को सुधारने के लिए पुलिस कर्मी प्रतिदिन खेलेंगे खेल और करेंगे योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कानून व्यवस्था को बेहतर रखने के साथ ही पुलिसकर्मी अपने आपको को भी चुस्त दुरुस्त रखेंगे। इसके लिए थानों में पदस्थ पुलिसकर्मी प्रतिदिन अल सुबह या फिर देर शाम को खेल और योग के जरिए अपनी सेहत को सुधारने की कवायद करते नजर आएंगे। दरअसल पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा भी निर्देश दिए गए है। जिसके बाद थाना प्रभारियों ने अपने अपने थानों के पुलिस स्टाफ की सेहत सुधारने के लिए कहीं खेलों का आयोजन शुरू कर दिया है तो कही योग और कसरत किए जाने की कवायद की जा रही है।

जिले के थानों में तैनात पुलिसकर्मियों की फिटनेस को लेकर हमेशा सवाल उठते रहते है। कई पुलिसकर्मियों की थोडी सी भाग दौड करने में सांसे फूलने लगती है। इसके पीछे अनियमित दिनचर्या सबसे बड़ा कारण है। फिटनेस को लेकर पुलिसकर्मियो में बनी इस अनदेखी को पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा गंभीरता से लेते हुए पिछले दिनों आयोजित क्राइम मीटिंग में पुलिसकर्मियों को फिटनेस सुधारने के लिए कोई न कोई कवायद थाना स्तर पर शुरू किए जाने के निर्देश दिए गए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का पालन करने के लिए थाना स्तर पर कवायद शुरू हो गई है। इसी क्रम में ढोढर थाने में वालीवाल खेल का आयोजन शुरू हो गया है। बताया गया है कि ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने थाना परिसर में वालीबॉल के जरिए न सिर्फ ग्राउंड तैयार कर दिया है,बल्कि थाने में पदस्थ सभी पुलिसकर्मियों के लिए वालीबॉल खेलने के लिए ट्रेस भी बनवा दी है। ड्रेस पर बाकायदा सभी पुलिसकर्मियों के नाम भी अंकित करवा दिए गए है। दिनभर थाने का काम करने के बाद देर शाम को ढोढर थाना प्रभारी अपने थाने के स्टाफ के साथ वर्दी उतारकर खेल की ड्रेस पहन लेते हैं और फिर बालीवाली खेलने के लिए मैदान में उतर जाते हैं। काफी देर तक पुलिसकर्मी मैदान में वालीबॉल खेल कर पसीना बहाते है।



### मानपुर थाने में योग और कसरत करते हैं पुलिसकर्मी

अपनी फिटनेस सुधारने के लिए मानपुर थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी भी प्रतिदिन योग और कसरत नजर आ रहे है। जिसकी अगुवाई खुद मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव करते है। थाने के अधिकांश पुलिसकर्मी टीआई पप्पू सिंह यादव के साथ कसरत करते है। इसके लिए थाने में कसरत करने की सामग्री की उपलब्धता भी टीआई के द्वारा करवा रखी है। इसके अलावा जिन पुलिसकर्मियों को कसरत में दिक्कते होती है, वे पुलिसकर्मी योग और प्राणायाम करके अपनी सेहत सुधारने का प्रयत्न करते हैं।

### पुलिसलाइन में शुरू होगा क्रिकेट और वालीबॉल

पुलिसलाइन में तैनात पुलिसकर्मियों की सेहत सुधारने के लिए भी खेलों का आयोजन जल्द ही शुरू होगा,इसके लिए रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा कवायद कर रहे है। बताया गया है कि पुलिसलाइन में पुलिसकर्मियों को फिट रखने के लिए क्रिकेट और वालीबॉल खेल का आयोजन शुरू किया जाएगा। इस दौरान लाइन के पुलिसकर्मियों की जिस खेल में रूचि होगी,उन्हें उस खेल की टीम में शामिल करते हुए प्रतिदिन मैदान में उतरकर खेल के जरिए अपना पसीना बहाने के लिए कहा जाएगा। उधर आवदा थाने में भी क्रिकेट और योग कक्षाओं का आयोजन पुलिसकर्मियों को फिट रखने के लिए शुरू किए जाने की तैयारी चल रही है।

### इनका कहना..

जब शरीर स्वस्थ्य होगा तो मन भी स्वस्थ्य रहेगा और जब ये दोनों स्वस्थ्य रहेंगे तो काम भी बेहतर तरीके से होगा, इसलिए सभी पुलिसकर्मियों को फिट रहने के लिए निर्देशित किया गया है। आगे सभी थानो में पुलिसकर्मियों को फिट रखने के लिए कोई न कोई कवायद शुरू करवाई जाएगी।

**सुधीर अग्रवाल**
**एसपी, श्योपुर**

## भागवत कथा का तृतीय दिवस, मंत्रमुग्ध हुआ रसिक भक्त समाज

# ध्रुव, प्रहलाद निश्छल भक्ति के प्रतीकः चैतन्य किशोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भक्ति आडंबर नहीं, भाव का विषय है। भगवान को भक्त के वशीभूत होने पर विवश करने का सामर्थ्य मात्र निश्छल भक्ति में है। भक्तराज प्रहलाद की भांति बाल भक्त ध्रुव इसी भक्ति के प्रतीक हैं। जिन्होंने पिता की गोद से वंचित होने के बाद इसी भक्ति के बूते परमपिता की गोद में बैठने का सौभाग्य प्राप्त किया।

उक्त उद्गार व्यासपीठ पर आसीन युवा कथाचार्य पं. चैतन्य किशोर कटारे ने व्यक्त किए। जयश्री पैलेस में धर्मनिष्ठ ₹गर्ग परिवार₹ (ओछापुरा वाले) के सौजन्य से आयोजित दिव्य भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तृतीय दिवस सती चरित्र से कथा प्रवाचन का क्रम आरंभ करने वाले कथा व्यास ने अगले चरण में ध्रुव चरित्र का वर्णन विस्तार से किया।

निष्काम और निर्विकार भक्ति के माहात्म्य, गुरुमंत्र की महत्ता और सुमाता प्रदत्त संस्कारों के सुफल को रेखांकित करते हुए श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथाव्यास ने प्रसंगों के संदर्भ में कई उद्धरण व भजन भी प्रस्तुत किए। जो श्रोता समुदाय को आनंदित व मंत्रमुग्ध करने वाले रहे। कथा प्रसंगों के परिप्रेक्ष्य में सज्जित मनोरम झांकियों ने भी भक्त समाज को आह्लादित किया। कथा सत्र का समापन आरती के साथ होने से पूर्व श्री नृसिंह भगवान के अवतरण की कथा भी रोचक ब रोमांचक रही। माता कयादु की प्रेरणा से भगवत प्राप्ति में सफल रहे भक्त प्रहलाद पर आसुरी वृत्ति वाले पिता हिरण्यकश्यप की यंत्रणाओं का वर्णन करते हुए कथाव्यास ने भगवान श्री नृसिंह के अवतार तक की कथा भावपूर्ण शैली में सुनाई। उन्होंने कहा कि प्रभु अपने भक्त की सरल पुकार पर किस तरह दौड़े आते हैं, यह श्री हरि ने इसी पुण्यधरा पर एक नहीं अनेक बार प्रमाणित किया है।



### यूनिटी मार्च का आयोजन आज, कॉलेज से शुरू होगी पदयात्रा

**श्योपुर।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जंयती अवसर पर युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, माय भारत के माध्यम से प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में विकसित भारत पदयात्राएँ आयोजित की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। श्योपुर जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के नेतृत्व में 12 नवंबर को प्रातः 10 बजे से यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। 11 किलोमीटर की यह पदयात्रा पीजी कॉलेज से शुरू होगी तथा यात्रा का समापन ग्राम सोईकला में समारोहपूर्वक होगा। पीएमश्री शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाली रोड श्योपुर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित के उपरांत यात्रा सलापुरा नहर से होते हुए रायपुरा पहुंचेगी, जहां रायपुरा बावडी पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इसके उपरांत हायर सैकेण्डरी स्कूल सोईकलां में पदयात्रा का समापन मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा पद यात्रा के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न अधिकारियों को दायित्व प्रदान किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### विमर्श जागृति महिला मंच की बैठक संपन्न

**अशोकनगर।** विमर्श जागृति महिला मंच की बैठक सोमवार को सुधासागर भवन में आचार्य विमर्श सागर महाराज जी के अवतरण दिवस मनाने के संदर्भ में आयोजित की गई। अध्यक्ष वैशाली बाँझल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुदेव के चित्र के समक्ष मंच की सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा संकल्प गीत गाया। आगामी 15 नवम्बर को गुरुदेव विमर्श सागर जी के अवतरण दिवस पर अनेको कार्यक्रम आयोजित करने की योजना तैयार की गई। ज्ञातव्य है कि यह संस्था आचार्य श्री के जन्म दिवस के उपलक्ष में धार्मिक कार्यक्रम के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यक्रम भी आयोजित करती आ रही है। इसी तारतम्य में प्रातः काल मंदिर जी मे श्री जी का अभिषेक,पूजन एवं शांति धारा तथा गुरुदेव की पूजन आरती की जाएगी। दोपहर में कोचर भवन स्थित भोजन शाला में निर्धनों को भोजन बांटने का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया। कार्यकाल का समापन हो गया। इसलिए चुनाव की प्रक्रिया पर चर्चा हुई तथा वैशाली बाँझल सर्वसम्मिति से पुनः अध्यक्ष चुनी गई। मीटिंग में मंच संरक्षक प्रीति मोहरी, नवनिर्वाचित मंत्री पूजा देरखा, कोषाध्यक्ष पूनम जैन, मीना अथाईखेड़ा, पूजा दलाल, संगीता भारत, वंदना जैन, सरोज जैन ,पिंकी जैन, रूबी उपस्थित रहीं।

### घर-घर वितरित किया जा रहा गणना पत्रक



**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह के निर्देशन में मतदाता सूची को अद्यतन करने तथा त्रुटिरहित बनाने के लिए बीएलओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्र का वितरण कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है । प्रथम चरण में घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने एवं सत्यापन का कार्य 4 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। इसके पश्चात 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, 08 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएगी। सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 31 जनवरी तक पूर्ण की जाएगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

### अस्पताल के अंदर बने पार्क में युवक-युवती अश्लील कृत्य करते हुए मिले

# जिला अस्पताल अवैध गतिविधियों का अड्डा बना, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






जिला अस्पताल इन दिनों अवैध गतिविधियों का अडडा बना हुआ है यहां एक के बाद एक कृत्य देखने को मिल रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक युवक युवती अस्पताल भवन के अन्दर बने पार्क में अश्लील कृत्य करते हुए पाए गए हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जिला अस्पताल प्रशासन हरकत में आया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन ने वीडियो वायरल होने के बाद कहा कि इसकी जांच की जा रही है।

जिला अस्पताल के अन्दर जो पार्क बना है उस पार्क में पेड़ लगे हैं और पेड़ के साथ बैंच भी हैं इन्ही पेड़ों की आड़ में एक यवक और युवती अश्लील कृत्य कर रहे थे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका एक वीडियो ऊपर से बनाया है। जो अपमान जनक स्थितियों में है। इस वीडियों के वायरल होने के बाद जिला अस्पताल सुर्खियों में बना है। इस वायरल वीडियों ने जिला अस्पताल में सुरक्षा प्रबंधों के लिए तैनात किए गए गार्डों और जिला अस्पताल में पुलिस चैकी होने पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है कि आखिर यह सब होने के बाद भी यह कृत्य कैसे हो रहे हैं। इस तरह की शर्मनाक घटना ने यहां के जिला अस्पताल की प्रतिष्ठा को धूमिल कर दिया है जहां बडी संख्या में महिला रोगी तो भर्ती रहते ही है साथ में उनके परिजन भी मौके पर रहते हैं। प्रसूतिकाएं अपने परिवारजनों के साथ में आती है। साथ में शिशु गहन चिकित्सा इकाई कक्ष में नवजात शिशुओं की माताएं और परिजन भी अस्पताल में मौजूद रहते हैं। इन सबकी सुरक्षा की जिम्मेदारी यहां तैनात सुरक्षा कर्मियों के साथ पुलिस चैकी के अमले की भी है।






इस कृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि यह वीडियो 7 नबंवर का है जिसमें एक युवक युवती आते जाते हुए नजर आ रहे हैं इनकी पहचान की जा रही है और उक्त मामले की जांच जारी है। एक वीडियो दिन का है और एक वीडियो रात का भी होना बताया गया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों जिला अस्पताल में एक मरीज को देखने आए परिजन शराब की पार्टी करते हुए पाए गए थे। बेखौफ वह शराब पार्टी कर रहे थे जब डयूटी पर मौजूद नर्स ने फटकारा तब वह शर्मसार हुए थे। वह घटना भी जिले भर में सुर्खियों में रही थी। अगर उसका भी वीडियो वायरल नहीं हुआ होता तो यह मामला सामने नहीं आता। एक के बाद एक हो रहे इन कृत्यों ने जिला अस्पताल की शाख पर बटटा लगा दिया है।

यह वहीं जिला अस्पताल है जहां जिले भर से पीड़ति रोगी अपना उपचार कराने के लिए बहुत सारी आशाएं लेकर पहुंचते हैं। इस जिला अस्पताल में रोगियों को प्राणदान मिलता है जिस दिन नर्स ने शराब पार्टी करने वाले लोगों को रोका था उस नर्स ने जिन शब्दों का उपयोग किया था उसमें कहा गया था कि यह अस्पताल उनके लिए एक मंदिर है हम दिन रात जागकर आप लोगों का इलाज करते हैं और आप इस तरह के कृत्य करते हैं आपकों शर्म आना चाहिए। नर्स के द्वारा इस्तेमाल किए गए इन शब्दों को खूब प्रशंसा मिली थी और शराब पार्टी करने वाले लोग शर्मसार हुए थे लेकिन हाल में वायरल हुए वीडियो ने जिला अस्पताल में सुरक्षा गार्ड, कैमरे लगे होने, और रात और दिन अमले की तैनाती के बाद भी इस तरह का कृत्य होना कहां तक उचित है।

जिले में जब नए कलेक्टर के रूप में आदित्य सिंह की ताजपोशी हुई थी उसके बाद से उनका लगातार अस्पताल पर ध्यान केन्द्रित रहा और वह अब तक डेढ दर्जन बार जिला अस्पताल का निरीक्षण कर चुके हैं। लेकिन अस्पताल में असामाजिक तत्वों का आना जाना बंद नहीं हो रहा और यही तत्व अस्पताल में इस तरह के शर्मनाक घटनाओं को अजांम देने में लगे हैं। ऐसे तत्वों पर रोक लगना चाहिए। आखिर कैमरे अस्पताल में लगाए गए हैं तो उनका उपयोग ठीक ढंग से क्यो नहीं हो रहा है। सुरक्षा गार्ड सिर्फ गेट पर खड़े होकर रह जाते हैं उन्हे प्रत्येक वार्ड के साथ साथ अस्पताल का गहन निरीक्षण करना चाहिए। हो सके तो मरीज के साथ आने वाले परिजनों अथवा रात रूकने वालो को एक कार्ड जारी किया जाना चाहिए ताकि कभी कोई घटना हो तो उस कार्ड के आधार पर कार्यवाही हो सके।

#### जांच की जा रही है

अभी एक वीडियो वायरल हुआ है जो अस्पताल परिसर में अवैध गतिविधियों को लेकर है जो लीगल नहीं है वीडियो प्रकरण की जांच की जा रही है। सुरक्षा कर्मी अस्पताल में तैनात हैं वह नजर रखते हैं सुरक्षाकर्मी उस समय वहां से निकले भी हैं यह वीडियो 7 नवंबर का है जिसमें लड़का लड़की आते जाते हुए दिख रहे हैं। एक और वीडियो भी है जिसमें एक दिन का और एक रात का भी है।

**डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत** सिविल सर्जन

### अब होंगी राष्ट्रीय मुकाबले में शामिल

## काजल को लॉन्ग जंप व दौड़ गोल्ड, संगीता ने सिल्वर जीता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर

खेलो इंडिया के तहत अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025-26 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शिवलोक स्कूल की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। काजल लोधी पुत्री अमोल सिंह लोधी ने लॉन्ग जम्प और दौड़ दोनों ही स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीता, जबकि संगीता केवट पुत्री हरिशंकर केवट ने दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अब यह दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता, जो उड़ीसा में आयोजित होगी, में शिवपुरी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनकी इस उपलब्धि से पूरे पिछोर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय के संचालक नीरज गुप्ता ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिवलोक की बेटियाँ आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्य शीतल शर्मा, समन्वयक कमलेश शर्मा सहित शिक्षकगण हरिशंकर लोधी, नीलेश यादव, मालती लोधी, नैंसी पुरोहित, सारांश गुप्ता, आलोक टेड़िया, प्रतेश झा, नितिन बर्गसे, रुचि चतुर्वेदी, ज्योति चौहान, कामिनी तिवारी, दानिश खान, शानू चौहान, मोहिनी ठाकुर, शिवानी साहू, आयुषी योगी, आकांक्षा नामदेव, अमीषा यादव, नंदिनी गुप्ता, रिमझिम चौहान सहित पूरा शिवलोक परिवार मौजूद रहा।विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मध्यप्रदेश पुलिस विभाग का ऑपरेशन मुस्कान जारी




**करैरा।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय आईटीबीपी करैरा में एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़ पहुंचे, उनके साथ उप निरीक्षक सुश्री अंजली सिंह एवं सहायक उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान भी उपस्थित रहे डॉ. आयुष जाखड़ ने विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ऑपरेशन मुस्कान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की उन्होंने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित एक विशेष अभियान है, जिसके अंतर्गत 18 वर्ष तक के लापता बच्चों को खोजकर उनके परिवार की मुस्कान उन्हें वापस लौटाई जाती है।

### विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन, बताए मौलिक अधिकार

## विधिक सजगता एवं साक्षरता से ही अपराध निवारण होगा संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा




माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी एवं प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति करैरा दिनेश कुमार खटीक के मार्गदर्शन में न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत शासकीय स्नातक महाविद्यालय करैरा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजन किया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित काजल रेनीवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी करैरा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, बाल श्रम, यातायात के नियम, साइबर सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के संबंध में विस्तृत रूप में जानकारी दी गई । जिसमे मुख्य रूप से हमारे मौलिक अधिकार के रूप में प्राप्त शिक्षा के अधिकार अधिनियम अंतर्गत 06 वर्ष 14 वर्ष तक के समस्त बच्चो को मौलिक अधिकार के रूप में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है। वर्तमान समय में बढते हुए सोशल मीडिया के उपयोग के संबंध में भी सभी छात्र-छात्राओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसमें मंच संचालन डॉ. देवेन्द्र कोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राऐं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत 18 अगस्त को पुलिस ने एक मर्ग का मामला दर्ज किया था जिसमें दाखा बाई पत्नी प्रेमराज शर्मा उम्र 40 साल की बाईक से गिरने से मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था। उक्त मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक जयसिंह कौर द्वारा की जा रही थी। जांच के बाद पुलिस ने प्रेमराज शर्मा के पुत्र विकास शर्मा पर अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाया जिससे बाईके के पीछे बैठी उसकी मां की नीचे गिरने से मौत हो गई।

# कोतवाली, देहात पुलिस के समेत लाइन के बल ने अशोकनगर शहर के कई इलाकों में रात्रि गश्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली, थाना देहात एवं पुलिस लाइन अशोकनगर के पुलिस बल द्वारा देर रात्रि संयुक्त रूप से जेवीएस कॉलोनी, मंदसौर मिल, पुराना बाजार तथा पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान संचालित किया गया।अभियान के दौरान पुलिस बल द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन, शराब पीकर वाहन चलाने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। इस दौरान पुलिस टीम ने पैदल भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग की तथा नागरिकों को जागरूक किया।

संयुक्त पुलिस बल द्वारा की गई कार्यवाही में जेवीएस कॉलोनी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 03 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 36(वी) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की गई। शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए 03 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उनके वाहन जप्त किए गए तथा इस्तगासा तैयार कर न्यायालय में पेश किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई एवं चालकों के ड्रायविंग लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके अतिरिक्त, 05 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 3600 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा थाना मोबाइल के पी.ए. सिस्टम के माध्यम से क्षेत्र में मुनादी कर लोगों को यह समझाइश दी गई कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करना दण्डनीय अपराध है तथा शराब पीकर वाहन चलाना स्वयं की एवं दूसरों की जान को खतरे में डालना है।

पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र में शराब पिलाने वाले ठेले संचालकों के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई, वहीं मंदसौर मिल क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर असामाजिक तत्वों की जांच की गई और उपस्थित नागरिकों एवं युवाओं को नशे से दूरी बनाए रखने तथा अनुशासन एवं जिम्मेदार नागरिकता निभाने की सलाह दी गई। इस दौरान पुलिस बल द्वारा क्षेत्र के रहवासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें यह भी बताया गया कि पुलिस की यह कार्यवाही केवल दंडात्मक नहीं, बल्कि जन- सुरक्षा एवं जन-जागरूकता दोनों उद्देश्यों को पूरा करने वाली है, ताकि समाज में स्वस्थ, सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण स्थापित किया जा सके। उपरोक्त संपूर्ण अभियान में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के हमराह थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, तथा सुबेदार अजीत सिंह लोधी सहित पुलिस लाइन एवं थानों के बल की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन एवं नशे में वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे नागरिकों की सुरक्षा भी प्रभावित होती है। अशोकनगर पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। हमारा उद्देश्य केवल कार्यवाही करना नहीं, बल्कि नागरिकों को जागरूक करना और उन्हें अनुशासित जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना है। सभी नागरिकों से अपील है कि नशे से दूर रहें, यातायात नियमों का पालन करें एवं सहयोगी नागरिक बनकर पुलिस का साथ दें।

## शा. महाविद्यालय पिपरई में जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न, विधायक ने की कई घोषणाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



स्थानीय शासकीय महाविद्यालय पिपरई में सोमवार को जनभागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत नव निर्मित अध्यक्ष कक्ष का रिबन काटकर शुभारंभ से हुई। इसके बाद महाविद्यालय की शैक्षणिक, भौतिक एवं संसाधन संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति सदस्यों ने विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाओं के विस्तार के लिए सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक के दौरान विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने महाविद्यालय के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। उन्होंने महाविद्यालय के लिए 100 कुर्सी और टेबल उपलब्ध कराने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने 55 इंच का कलर टीवी, एलईडी प्रोजेक्टर भी देने की घोषणा की, जिससे शासन स्तर से संचालित विभिन्न विभागीय गतिविधियों एवं ऑनलाइन कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन किया जा सके। विधायक यादव ने कहा कि जो कार्य मेरे स्तर के हैं, उन्हें मैं तुरंत पूरा करूंगा और जो बड़े स्तर के कार्य हैं, उनके प्रस्ताव आप मुझे भेजें, मैं उन्हें भोपाल में रखकर हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने शिक्षा को क्षेत्र के विकास की रीढ़ बताते हुए कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों का सशक्त होना क्षेत्र के युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक है।

बैठक में पिपरई एवं सेहराई महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल बनाए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पिपरई में निर्माणाधीन महाविद्यालय की आवंटित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने और रास्ता बनवाने के निर्देश भी दिए गए। शैक्षणिक उन्नयन को ध्यान में रखते हुए समिति ने महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र, अर्थशास्त्र, हिंदी एवं इतिहास विषयों की कक्षाएँ प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। वहीं स्नातक स्तर पर संस्कृत एवं गृह विज्ञान विषय भी शुरू करने का सुझाव दिया गया। विधायक ने इन प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिपरई क्षेत्र के युवाओं को अब उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े, यही मेरा प्रयास रहेगा।

इस अवसर पर डॉक्टर राधा पुरवार द्वारा लिखित पुस्तक आधुनिक व्यंग्य कथा कारों की माननीय संवेदनाएं पुस्तक का विमोचन किया गया। डॉ राधा पुरवार इसी कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर हैं इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार शुक्ला ,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि लाखन कटारिया, विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे, समिति के सदस्यगण, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं विकासमुखी वातावरण में सम्पन्न हुई।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुलसी सरोवर कॉलोनी निवासी अनुज रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र, रविन्द्र और भरत अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खजूरिया सूबेदार निवासी रामगोपाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र शर्मा और राजेश शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामकृष्ण और रामगोपाल शर्मा ने उससे मारपीट की और जाने से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमलिया निवासी मुन्ना आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरनी निवासी आकाश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबाबू जैन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुंगावली निवासी रानी गुरू डोली नायक किन्नर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रजनी, सौरभ और सुनील ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## एसडीएम करैरा ने बीएलओ और सुपरवाइजर से की वन टू वन चर्चा, सुझाए गए समाधान

**करैरा।** एसडीएम अनुराग निंगवाल ने विधानसभा क्षेत्र करेरा के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) और सुपरवाइजर के साथ एसआईआर (स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन) सर्वे की प्रगति को लेकर वन टू वन चर्चा की। उन्होंने फॉर्म वितरण और एकत्र करने संबंधी जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक सुपरवाइजर से उनके क्षेत्र के बीएलओ द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश प्रदान किए।



उक्त कार्य में बीएलओ को आ रही समस्याओ के समाधान भी बताए। इस दौरान तहसीलदार सुश्री कल्पना शर्मा, मास्टर ट्रेनर जगभान सिंह लोधी, मुकेश शर्मा, नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रोग्रामर योगेश कुशवाह सहित अन्य उपस्थित थे।

### 80 वर्ष पहले बना था सुभाष गंज में स्थित जैन मंदिर

**अशोकनगर।** 80 वर्ष पहले सुभाष गंज में जैन मंदिर का निर्माण किया गया था इस मंदिर का अब नए सिरे से निर्माण किया जाएगा। जिसे लेकर मंदिर को जेसीबी मशीन से तोड़ा जा रहा है। मंदिर की सभी प्रतिमाएं पहले ही विद्यासागर भवन को मंदिर का रूप देकर विराजमान किया जा चुका है। यह मंदिर नए सिरे से निर्मित होगा। कईं प्रतिमाएं भी आ रही हैं इस मंदिर को वास्तुकला की दृष्टि से भी भव्य बनाया जाएगा। बताया गया है कि यह मंदिर 80 वर्ष पहले बनाया गया था।